**प्रतिदर्श प्रश्न – पत्र 2021–22**
**संगीत वादन**
**कक्षा – IX**

**समय – 3 घण्टे** **पूर्णांक – 70**

**नोट** – प्रश्न पत्र में दो भाग है 'प्रथम भाग' तबला पखावज तथा मृदंग के विद्यार्थियों के लिए तथा 'द्वितीय भाग' सितार, वीणा, सारंगी, सरोद इसराज, गिटार वायलिन या बाँसुरी के विद्यार्थियों के लिए। परीक्षार्थियों को अपने लिए हुए विषय वाद्य में से किसी एक भाग से ही प्रश्नों के उत्तर हल करने होंगे।

## प्रथम भाग
## खण्ड 'क'

**बहुविकल्पीय प्रश्न :–** **20×1=20 अंक**

**निर्देश** – सही उत्तर छांटकर लिखिए – सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. तीनताल में कितनी ''धा'' का प्रयोग किया जाता है ?
   क. 11 ख. 10 ग. 13 घ. 6
2. तबले पर लगी चमड़े की डोरी को क्या कहते है ?
   क. बद्धी ख. गजरा ग. गुड़री घ. कूड़ी
3. तबले के मुँह पर काली गोल आकृति का क्या नाम है ?
   क. गजरा ख. स्याही ग. चांटी घ. गट्टा
4. दाहिने हाथ से कौन सा तबला बजाया जाता है ?
   क. बांया ख दाहिना ग. दोनो घ. कोई नही
5. एकताल में कितने विभाग होते है ?
   क. 4 ख. 2 ग. 5 घ. 6
6. मुँह से फूंक कर कौन सा वाद्य बजाया जाता है ?
   क. तबला ख. हारमोनियम ग. बांसुरी घ. घुंघर
7. दादरा ताल में किस मात्रा पर ताली बजायी जाती है ?
   क. पहली ख. चौथी ग. दूसरी घ. तीसरी
8. तिहाई कितने प्रकार की होती है ?
   क. एक ख. दो ग. तीन घ. चार
9. 'पेशकारा' किस भाषा का शब्द है ?
   क. हिन्दी ख. अंग्रेजी ग. फारसी घ. अरबी
10. पेशकारा किस लय में बजाया जाता है ?
    क. द्रुत ख. मध्य ग. विलाम्बित घ. इनमें से कोई नही
11. कायदा के बोलो को उलट पलटकर बजाने को क्या कहते है ?
    क. पेशकारा ख. टुकड़ा ग. तिहाई घ. पल्टा

Downloaded from cclchapter.com

12. संगीत में समय नापने की इकाई को क्या कहते है ?

क. ताल  ख. लय  ग. मात्रा  घ. परन

13. अमीर खुसरो ने किस वाद्य का आविष्कार किया था ?

क. तबला व सितार  ख. पखावज  ग. गिटार  घ. बांसुरी

14. अमीर खुसरो का जन्म किस सन् में हुआ था ?

क. 1253  ख. 1260  ग. 1353  घ. कोई नही

15. दो नगीय वाद्य किसे कहते है ?

क. ड्रम  ख. शहनाई  ग. गिटार  घ. तबला

16. किस वाद्य पर गुंया आटा लगाया जाता है ?

क. तबला  ख. नाल  ग. ढोल  घ. पखावज

17. बारह मात्रा की ताल का क्या नाम है ?

क. तीनताल  ख. दादरा ताल  ग. एकताल  घ. झपताल

18. तबला में कितने गट्टे होते है ?

क. 6  ख. 4  ग. 8  घ. 5

19. सुषिर वाद्य की श्रेणी में कौन सा वाद्य आता है ?

क. जल तरंग  ख. सारंगी  ग. नाल  घ. वायलिन

20. अवनद्ध वाद्य में मुख्य स्यान किस वाद्य को प्राप्त है ?

क. नाल  ख. पखावज  ग. ढोलक  घ. तबला

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **7×2=14 अंक**

1. लय किसे कहते है ?
2. परन की परिभाषा लिखिए ?
3. तिहाई कितने प्रकार की होती है ?
4. तीनताल कितनी मात्रा की ताल है ?
5. टुकड़ा से आप क्या समझते है ?
6. प्रत्येक ताल की प्रथम मात्रा को क्या कहते है ?
7. किस ताल में 12 मात्राएं होती है ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न –** **4×5=20 अंक**

**नोट** – निम्न में किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

8. लय की परिभाषा व प्रकार लिखिए ?
9. दो विभाग की कौन सी ताल है उनका परिचय व ठेका लिखिए ?
10. निम्न में किन्ही दो की परिभाषा लिखिए ?

    क. ठेका  ख. तिहाई  ग. मात्रा  घ. खाली

11. रूपक ताल का परिचय ठेका, दुगुन लिखिए ?
12. कौन सी ताल द्रुत ख्याल के साथ बजायी जाती है उस ताल का ठेका व दुगुन लिखिए ?

Downloaded from cclchapter.com

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** **2×8=16 अंक**

**नोट –** निम्न में से किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

13. भारतीय वाद्यों को कितने भागों में विभाजित किया गया है उदाहरण सहित लिखिए ?
14. तीनताल में एक कायदा 2 पल्टा तथा तिहाई लिखिए ?
15. निम्न में से किन्हीं एक की जीवनी लिखिए ?
    क. अमीर खुसरों ख. पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे

Downloaded from cclchapter.com

## द्वितीय भाग
## (सितार एवं अन्य तन्त्र वाद्य के विद्यार्थियों के लिए)
## खण्ड – 'क'

**बहुविकल्पीय प्रश्न –** **20×1=20 अंक**

1. संगीत में कुल स्वरों की संख्या कितनी है ?
   क. 7 ख. 12 ग. 8 घ. 5
2. स्वरों के चढ़ते हुए क्रम को क्या कहते है ?
   क. अवरोह ख. आरोह ग. पकड़ घ. राग
3. सितार, वीणा, गिटार किस वर्ग के अन्तर्गत आते है ?
   क. घन वाद्य ख. तन्त्र वाद्य ग. अवनद्ध वाद्य घ. सुषिर वाद्य
4. किसी भी राग में कम से कम स्वरों की संख्या कितनी हो सकती है ?
   क. 5 ख. 7 ग. 12 घ. 8
5. किसी भी राग का मुख्य स्वर क्या कहलाता है ?
   क. वादी स्वर ख. वर्ज्य स्वर ग. विवादी स्वर घ. संवादी स्वर
6. लय कितने प्रकार की होती है ?
   क. 2 ख. 3 ग. 4 घ. 5
7. गायन, वादन तथा नृत्य इन तीनों कलाओं के समावेश को क्या कहते है ?
   क. संगीत ख. गीत ग. नृत्य घ. ताल
8. प्रथम मात्रा पर पड़ने ताली को क्या कहते है ?
   क. तिहाई ख. सम ग. मात्रा घ. खाली
9. राग की उत्पत्ति किससे मानी गई है ?
   क. संगीत ख. थाट ग. स्वर घ. सप्तक
10. संगीत में कौन सा स्वर तीव्र विकृत कहलाता है ?
    क. ग ख. प ग. म घ. ध
11. ''भारतरत्न'' पं0 रविशंकर किस वाद्य से सम्बन्धित है ?
    क. बाँसुरी ख. सितार ग. सरोद घ. वीणा
12. राग यमन किस थाट का राग है ?
    क. कल्याण ख. भैरवी ग. खमाज घ. बिलावल
13. ताल दादरा में कितनी मात्राएँ होती है ?
    क. 6 ख. 8 ग. 7 घ. 10
14. तोड़ा किस लय में बजाया जाता है ?
    क. विलम्बित ख. द्रुत ग. मध्य घ. इनमें से कोई नहीं
15. गत कितने प्रकार की होती है ?
    क. 3 ख. 4 ग. 2 घ. इनमें से कोई नहीं

Downloaded from cclchapter.com

16. मसीतखानी गत किस लय में बजायी जाती है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. विलम्बित | ख. मध्यलय | ग. द्रुत लय | घ. इनमें से कोई नहीं |

17. किस राग में सभी स्वर शुद्ध प्रयोग किये जाते है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. राग खमाज | ख. राग बिलावल | ग. राग यमन | घ. आसावरी |

18. संगीत में कुल विकृत स्वरों की संख्या कितनी है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. 5 | ख. 2 | ग. 4 | घ. 1 |

19. मिज़राब द्वारा बजाया जाने वाला वाद्य कौन सा है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. सितार | ख. तबला | ग. पखावज | घ. सारंगी |

20. हिन्दुस्तानी संगीत में कुल थाटों की संख्या कितनी मानी गई है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. 12 | ख. 10 | ग. 7 | घ. 72 |

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न –** **7×2=14 अंक**

1. वादी स्वर का क्या अर्थ है ?
2. संगीत किसे कहते है ?
3. शुद्ध स्वर से आप क्या समझते है ?
4. लय को परिभाषित कीजिए ?
5. संगीत के सात स्वरों के सम्पूर्ण नाम क्या है ?
6. आलाप किसे कहते है ?
7. किसी आठ मात्रा की एक ताल का परिचय लिखिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –** **4×5=20 अंक**

1. गत किसे कहते है ? गत के प्रकारों के नाम लिखिए।
2. पाठ्यक्रम में सीखे हुए कोई दो अलंकार लिखिए।
3. तीनताल अथवा एकताल का परिचय लिखकर ठेका लिखिए।
4. स्वर किसे कहते है ? स्वर के प्रकारों को समझाइए।

**विस्तृत उत्तरीय प्रश्न –** **2×8=16 अंक**

**नोट –** निम्न में से किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे अथवा अमीर खुसरो का जीवन परिचय लिखिए।
2. अपने वाद्य का सचित्र अंग वर्णन करिए।
3. अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग का संक्षिप्त परिचय लिखकर आरोह, अवरोह, पकड़ लिखिए।
4. भारतीय वाद्य के वर्गीकरण को समझाइए।

Downloaded from cclchapter.com